### क्षेत्र में गर्मी को देखते हुए लोगों के लिए खोले गए प्याऊ

# जन सेवा दिवस के रूप में मनाया सांसद का जन्मदिन





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

पांढुर्णा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जन्म दिन मंगलवार को परासिया विधानसभा क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कई स्थानों पर प्याऊ खोले गए। परासिया में विधान सभा प्रभारी ज्योति डेहरिया और मंडल अध्यक्ष दविन्दर बल्लू नागी की उपस्थिति में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। वहीं पगारा मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम ने सांसद का जन्म दिन जन सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव द्वारा सुबह 7:00 बजे स्वच्छता अभियान काली स्टेज, हनुमान मंदिर प्रांगण भाजी पानी में किया गया। उसके बाद श्री गौकुल धाम गोशाला गजानडोह में गौ सेवा, ग्राम मायावाड़ी के आंगनबाडी में बच्चों के बैठेने लिए बिछाई वितरण, फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। शांतिधारा वृद्ध आश्रम भमोड़ी में फल एव मिष्ठान वितरण किया गया। ग्राम इकलेहरा के आंगनबाडी बस्ती में बच्चों को फल एव मिष्ठान वितरण, ग्राम पंचायत इकलेहरा प्रांगण में वृद्धजनों, ग्रामीणों को फल एवं मिष्ठान वितरण, ग्राम इकलेहरा के आंगनबाडी क्रमांक 02 इंदिरा कॉलोनी में बच्चों को फल एव मिष्ठान के अलावा पानी थरमस की बोतल प्रदान की गई, ग्राम पंचायत जाटाछापर प्रांगण में वृद्धजनो ग्रामीणों को फल एव मिष्ठान वितरण, स्काई मेमोरीयल क्लीनिक इकलेरा में ओपीडी मुफ्त जांच, फीस निशुल्क सुबह 9:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक, छाछ का वितरण एव प्याऊ का शुभारम्भ किया गया।

## सिंगोड़ी मंडल में मनाया गया सांसद का जन्मदिन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी**

भाजपा के सांसद विवेक बंटी साहू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया-सांसद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय भाजपा सिंगोड़ी मंडल पदाधिकारियों द्वारा स्वास्थ केंद्र सिंगोड़ी-पुलिस चौकी सिंगोड़ी- एवं बस स्टैंड सिंगोड़ी में मरीजों एवं आम जन को फल एवं मिठाई वितरित की गई साथ ही बस स्टैंड में आतिशबाजी कर केक खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।इस अवसर पर सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार,वरिष्ठ नेता डॉ उमेश शर्मा,बंटी परिहार,पूर्व जनपद सदस्य बद्री पटेल,मंडल महामंत्री राजेश कहार,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित जैन,विजय चंद्रवंशी,मंडल प्रतिनिधि दीपक साहू,दर्शन पटवा,पिंकू साहू,मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनमोल बत्रा,वैभव मलिक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## धूमधाम से मनेगी संत तुकडोजी महाराज की 116 वीं जयंती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा**



जयस्तंभ चौक पर स्थित श्री गुरूदेव सेवा मंडल के तत्वाधान में कल 30 अप्रैल को राष्ट्रीय संत श्री तुकडोजी महाराज की 116 वीं जयंती मनाई जा रही है। 30 अप्रैल को सुबह 5 बजे योगासन, 6 बजे ध्यान पाठ, 9 से 11 बजे तक पांच कुंडीय गाय़ी महायज्ञ, 11 बजे से ग्राम गीता ग्रंथ वाचन, दोपहर 2 बजे से महिला मंडल का भजन एवं कीर्तन एवं बाल सुसंस्कार शिविर का समारोह होगा। शाम 5 बजे सामुदायिक प्रार्थना एवं हरिपाठ तथा संध्या 5.30 बजे नगर भ्रमण के लिए भव्य शोभायात्रा निकलेगी। ज्ञात हो कि संत तुकडोजी महाराज का जन्म 30 अप्रैल 1909 को महाराष्ट्र के यावली ग्राम में हुआ था। संत तुकडोजी महाराज मानवता के पुजारी तथा स्वयंसिद्ध संत पुरूष थे। इनकी बाल्यावस्था ही अध्यात्मिक एवं योगाभ्यास से परिपूर्ण रही।

इन्होंने रामटेक, सालबर्डी, रामदिधी एवं गोंदोडा के बीहड जंगलों में गहन साधना की। संत तुकडोजी महाराज आजीवन ब्रम्हचारी रहे लेकिन उनका पूरा जीवन जाति, वर्ग, पंथ या धर्म से परे समाज की सेवा करने में व्यतीत हुआ।

## सांसद का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू का जन्म दिवस मंगलवार को समूचे जिले में मनाया गया। इसी कड़ी में जुन्नारदेव नगर मंडल द्वारा भी सांसद का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया है। प्रातः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। फल वितरण उपरान्त पुराने बस स्टैंड में गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया।

शहर के वार्ड क्रमांक 13 लोक सेवा केंद्र के पास ओर वार्ड क्रमांक 14 में हनोतिया रोड पर शीतल पेय जल हेतु आम नागरिकों के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नगर मंडल अध्यक विवेक चन्द्रवंशी, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सेन, शिवराम पवार, अमरदीप राय, पार्षद संजय जैन, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमित यादव, प्रमोद बंदेवार, शरद कुरोलिया, जनपद सदस्य मनोहर चौकसे, महिला नेत्री सपना पाल,रंजिता डेहरिया,नीलू कवरेती, बूथ अध्यक्ष भूपेश चौरसिया, कपिल शुक्ला,पारस बेनिया,अरुण विश्वकर्मा, सेरिन खान, सुभाष जैन, जितेंद्र माहोरे, नितेश राजपूत, विजय पाल,रूपेश विश्वकर्मा, भूपेंद्र साहू, जितेंद्र सूर्यवंशी, नितिन स्वामनानी,विनय गुप्ता,शरद गुप्ता,चिराग बत्रा, गुड्डू रजक,धन्नू नामदेव,विपिन बिंदवारी,अकरम खान, सक्षम जैन, सहित भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा जगत में अनोखी पहल, अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

**दमुआ।** शिक्षा जगत के साथ साथ समाज में अपनी पहचान बनाने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोरावाडीखुर्द के प्राचार्य एवं सी.एम.राईज स्कूल दमुआ के प्राचार्य श्री संजय कुमार पटेल आगमी 30 अप्रैल को 36 वर्षो की अनवरत एवं उल्लेखनीय सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे है। प्राचार्य श्री संजय कुमार पटेल जी के सेवानिवृत्त होने पर समस्त संकुल घोरावाडीखुर्द के द्वारा एकीकृत घोरावाडी स्कूल में दिनांक 28 अप्रैल दिन सोमवार को शिक्षक शिक्षिका एवम शाला परिवार की ओर से प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने पर अभिनन्दन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां बिदाई समारोह के कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक, शिक्षिका प्राचार्य, प्रभारीगण सहित शिक्षक स्टाफ विद्यालय शाला परिवार और गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधगण अनुसूचि जनजाती आयोग के सदस्य पत्रकार बन्धु और समाज सेवी आदि शिक्षा विभाग से जुडे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की उपस्थिति में अभिन्नदन समारोह कार्यक्रम में जहां सभी अतिथियों ने प्राचार्य श्री संजय कुमार पटेल को सेवानिवृत्त होने पर उनका सभी ने शाल श्रीफल फूलमाल एवं तिलक लगाकर जोरदार सम्मान किया अतिथिगण ने अपने उद्बोधन मे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कुशलता पूर्वक कार्य करने वाले शिक्षा जगत में अपनी पहचान बनाने वाले शिक्षक एवं प्राचार्य श्री प्राचार्य श्री संजय कुमार पटेल के द्वारा किये गये शिक्षा के क्षेत्र में कार्यो का सराहना की गई और कहा कि गया कि बहुत सरल स्वभाव के व्यक्तित्व के धनी थे श्री सातनकर जी, श्री रमेश राही जी, गांगुली सर, गजभिये सर, दीक्षित सर दुबे सर आदि सभी ने अपने लब्जो में उनके कार्यो की सराहना की।

## सुनार नाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नदियों की सफाई तथा पानी को रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है। उसी के अंतर्गत जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के अंतर्गत आने वाली सबसे बड़ी पंचायत ग्राम पंचायत सिंगोड़ी एवं खकरा चौरई के द्वारा सिंगोड़ी सुनार नाला में जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत नदी की सफाई एवं पानी को रोकने के लिए बोरी बांध का निर्माण कराया गया। जिसका निरीक्षण आज कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री जयदेव शर्मा और एसडीओ जनपद पंचायत अमरवाड़ा श्री नितिन ब्रम्हे के मार्गदर्शन में सहायक इंजीनियर श्री वीरेंद्र गोतमारे के मार्गदर्शन एवं सिंगोड़ी सरपंच श्री कपिल ठाकुर, खकरा चौरई सरपंच श्री श्री विजय चंद्रवंशी, नंदोरी सरपंच श्री लेखराम इवनाती, सरपंच कोल्हिया श्री हरि नागवंशी के सहयोग से एवं सिंगोड़ी पंचायत सचिव श्री बसंत वर्मा, सहायक सचिव श्री सुलेमान अंसारी, श्री कमलेश सोनी, खकरा चौरई उप सरपंच श्री विकेश कहार एवं अन्य ग्रामवासियों के जनसहयोग के माध्यम से कार्य किया गया।

### नगर परिषद पार्षदों ने की बैठक : विकास कार्य नहीं होने पर जताई आपत्ति

# अध्यक्ष का फर्जी अंगूठा लगाकर तो अवकाश पर नहीं गए सीएमओ...!



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

नगर परिषद कटंगी के पार्षदों ने मंगलवार को अध्यक्ष कक्ष में एक बैठक कर नगर में विकास कार्य नहीं होने और विभिन्न विषयों पर प्रभारी सीएमओ, उपयंत्री और लेखापाल के समक्ष गहरी नाराजगी जाहिर की है. पार्षदों ने बकायदा कलेक्टर मृणाल मीणा से दूरभाष पर चर्चा करते हुए यह विषय उनके संज्ञान में भी लाया. दरअसल, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर गंभीर बीमारी (मस्तिष्क आघात और लकवा) के चलते अस्वस्थ्य चल रहे है और बीते करीब 100 दिनों से बेड रेस्ट पर है. उनकी हालत में सुधार जरूर है लेकिन वह अपने पदेन दायित्वों और उत्तरदायित्वों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार नहीं है. उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ पूरा शहर कर रहा है. लेकिन अध्यक्ष के अस्वस्थ्य होने की जानकारी सीएमओ ने अब तक नगरीय प्रशासन और कलेक्टर को नहीं दी है. उनकी इस लापरवाही का खामियाजा नगर की जनता को भुगतना पड़ रहा है. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नहीं मिल पाई है. अध्यक्ष विहिन नगर परिषद होने के कारण शहर में विकास कार्य, कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य कार्यालयीन कामकाज ठप पड़े है. जिस कारण पार्षदों में भयंकर रोष व्याप्त है. बैठक में पार्षद संजय चौकसे, महेन्द्र कटारिया, अतीक अंसारी, कपिल मेश्राम, मितेश कुमरे, पार्षद प्रतिनिधि दिमागचंद टेंभरे, दीपक नागमोते, खेमू कोचर शामिल हुए. इन पार्षदों ने बकायदा मंगलवार को फिर प्रभारी सीएमओ को एक पत्र सौंपते हुए शीघ्र ही परिषद की बैठक बुलाने की मांग की है।

**धारा 57 के तहत किया था आवेदन:** नगर में विकास कार्यों के प्रभावित होने से नगर के सभी वार्डों के पार्षदों की छवि पर असर पड़ रहा था. पार्षद अपने-अपने वार्डों की जनता से नजरें नहीं मिला पा रहे है. इन परिस्थितियों में नगर के 12 वार्डों के पार्षदों ने धारा 57 के तहत 17 अप्रैल को सीएमओ को एक आवेदन देते हुए परिषद की बैठक बुलाने कहा था ताकि तमाम विषयों पर चर्चा हो सकें और शहर में विकास कार्यों को गति मिले. यह बैठक सोमवार 28 अप्रैल को होनी थी लेकिन बैठक से ठीक तीन दिन पहले 25 अप्रैल को जबलपुर कमिश्नर ने सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को पदेन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और सरकारी योजनाओं के संचालन में कोताही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया है और राजस्व उप निरीक्षक दिनेश धानेश्वर को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश तक सीएमओ का प्रभार सौंप दिया. सीएमओ के निलंबित होने के कारण 28 अप्रैल को होने वाली परिषद की बैठक नहीं हो पाई तो 29 अप्रैल को पार्षदों ने कार्यालय पहुंचकर इस पर आपत्ति जाहिर की।

**सीएमओ ने अवकाश के लिए अध्यक्ष को दिया आवेदन:** बता दें कि जिस दिन कमिश्नर ने सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को निलंबित किया उसी दिन सीएमओ ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अस्वस्थ चल रहे अध्यक्ष के पास 28 और 29 अप्रैल को अवकाश का आवेदन लगा दिया. आवेदन में अवकाश पर जाने के साथ सीएमओ का प्रभार लेखपाल अशोक दुबे को दिए जाने का जिक्र किया गया गया है. इस आवेदन को अध्यक्ष के द्वारा स्वीकृति किए जाने की बात लेखपाल द्वारा की गई है. आवेदन में बकायदा एक अंगूठे का निशान है. यह अंगूठा वाकई में अध्यक्ष ने ही लगाया है इस पर पार्षदों ने संदेह जाहिर किया है क्योंकि अध्यक्ष अभी इस स्थिति में नहीं है कि वह किसी भी आवेदन पर विचार कर सकें. अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर अभी केवल इशारों की भाषा ही समझ पाते है. मगर, सीएमओ के आवेदन पर अध्यक्ष के अंगूठे का निशान का हवाला देते हुए लेखपाल अशोक दुबे को सीएमओ का प्रभारी बताया जा रहा है. जबकि कमिश्नर के आदेश में राजस्व उप निरीक्षक दिनेश धानेश्वर को सीएमओ का प्रभार दिया है. मंगलवार को इस एक विवाद के कारण भी पार्षद परेशान दिखाई दिए. दिनेश धानेश्वर ने कहा कि वह कलेक्टर के मार्गदर्शन के बाद ही परिषद की बैठक आहूत करेंगे और तमाम विषयों को कलेक्टर के समक्ष रखेंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर के अस्वस्थ्य होने के बाद यानी करीब 04 माह से परिषद की एक भी बैठक आयोजित नहीं हो पाई है जिसका असर शहर के विकास कार्यों पर पड़ा है. परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है. इन कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और कर्मचारी कार्य छोड़ने को मजबूर है. अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव अपने मनमुताबिक पूरी नगर परिषद को संचालित कर रहे थे।

### मशीन से न करते हुए जरीब से किया गया सीमांकन

## बिना अतिक्रमण हटाये चालू हो गया गणेशी तालाब का सौंदर्यीकरण

### नगर परिषद लांजी अतिक्रमणकारियों पर मेहरबान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के हृदय स्थल पर स्थित गणेशी तालाब का अर्से बाद महामाया तालाब का गहरीकरण व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। नगर परिषद लांजी तालाब गहरीकरण का कार्य ठेकेदार के जरिए कराया जा रहा है। लिहाजा एक जेसीबी मशीन और कुछ मजदूरों के जरिए लगातार गहरीकरण और मिट्टी मलबा फेंकने का काम जोरों से जारी है। परंतु नगर परिषद द्वारा गणेशी तालाब का सीमांकन के पश्चात सौंदर्यीकरण और पीचिंग कार्य सवालों के घेरे में आ चुका है। लोगों का कहना है की गणेशी तालाब की पार पर बसे अतिक्रमणकारियों को बिना हटाये ही उक्त कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो अनुचित है। इसके पहले नगर परिषद द्वारा कुछ दिन पूर्व गणेशी तालाब का सीमांकन किया गया जो सिर्फ मुंह दिखाई वाली कार्यवाही साबित हुआ और तालाब की पार पर वर्षों से जमे अतिक्रमणकारियों को न हटाकर तालाब को ही और छोटा किया जा रहा है। जबकि गणेशी तालाब पर नगर के धनाढ्य ओर राजनीतिक पकड़ रखने वाले लोगों का कब्जा होने के कारण नगर परिषद द्वारा लगातार उन्हें छूट दी जा रही है जिससे नगर के मंडई टेकरी स्थित जलमद की शासकीय भूमि से कुछ दिन पूर्व हटाये गये 17 परिवार के लोगो में नगर परिषद की इस कार्यप्रणाली से खासा रोष व्याप्त है। जानकारी अनुसार बीते दिनों जब गणेशी तालाब का सीमांकन किया गया तब भी नगर परिषद द्वारा मशीन से सीमांकन न करते हुए जरीब से सीमांकन किया गया जो अतिक्रमणकारियों को लाभ पहुंचाने की ओर ईशारा करता है।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही है हसीना वाहने द्वारा हड़ताल

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी ग्राम नेवरवाही की वार्ड पंच

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**



जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरवाही जो अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है यहां की वार्ड पंच श्रीमती हसीना वाहने अपनी तीन सूत्रीय मांगो के साथ अन्य मांगो को लेकर 29 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमती हसीना वाहने ने बताया की उनके ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्रा के सोन नदी पर बने पुल में दोनो ओर लगभग एक किमी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जिससे यहां आवागमन में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसका तत्काल ही सुधार कार्य कराया जाना चाहिए। वहीं दूसरी मांग में उन्होने बताया की ग्राम पंचायत नेवरवाही के सरपंच झामेंद्र टिकेश्वर द्वारा वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना आवास स्वीकृत कराया गया था परंतु उक्त आवास आज तक नहीं पाया परंतु आवास की पूर्ण राशि सरपंच द्वारा आहरण कर ली गई है जिसकी सूक्ष्मता से जांच किया जाना चाहिए। वहीं ग्राम पंचायत टेकरी के वर्तमान सचिव महेंद्र बागड़े को पुनः ग्राम पंचायत नेवरवाही में पदस्थ किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का उचित लाभ मिल सके। सरपंच द्वारा रोजगार सहायक के साथ सांठ गांठ कर सचिव महेंद्र बागड़े के विरूद्ध लगातार झूठी शिकायते कर उन्हें ग्राम पंचायत नेवरवाही से स्थानांतरित किया गया है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। अपनी अन्य मांगो के संबंध में बताते हुए श्रीमती वाहने ने कहा की ग्राम पंचायत नेवरवाही के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन ग्रामों में शासकीय स्कूलों, आगंनवाड़ी केंद्रो की सरकारी भवन काफी जर्जर हो चुके है। बारिश के समय में छतों से पानी टपकने की वजह से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है अतः इन शासकीय भवनों की छतों को बारिश के पूर्व मरम्मत करा दी जाए ताकि बच्चों को अध्यापन कार्य में कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा जब तक शासन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया जाता और लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता उनकी यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान उनके स्वास्थ्य और कोई अन्य परेशानी होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### ग्राम पालडोंगरी में हुआ हादसा, मृतक की 3 मई को होना था विवाह

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौतः सड़क किनारे पड़ा हुआ था युवक, हादसे की पुलिस कर रही जांच



**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम पालडोंगरी में 28 अप्रैल की रात करीब 10:00 बजे एक हृदय विदारक सडक़ हादसे में कटग़ी निवासी शिवचंद पिता भागचंद बंबूरे उम्र 26 वर्ष की मृत्यू हो गई। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवचंद बंबुरे रात्रि में ग्राम साडरा से अमेड़ा की ओर अपनी मोटर सायकल से जा रहा था जैसे ही ग्राम पालडोंगरी यात्री प्रतिक्षालय के समीप पंहुचा तो अचानक अज्ञात कारण वश मोटर सायकल अनियंत्रित होकर फिसल गई तथा शिवचंद को घटना स्थल पर गंभीर चोटे आई है। घटना स्थल पर उपस्थित लोगो के द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचित किया गया लेकिन एंबुलेंस नही आ पाई जिसकी चलते निजी वाहन से शिवचंद को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां डॉक्टर ने शिवचंद को मृत घोषित कर दिया गया। बतादे कि 3 या 4 मई को शिवचंद की शादी थी जिसकी तैयारियॉ चल रही थी इन्ही तैयारियों में शिवचंद लगा हुआ था। इस सडक़ हादसे में शादी का माहौल गम में परिवर्तित हो गया। उक्त मर्ग संबधी तहरीर्र अस्पताल प्रबंधन के द्वारा लांजी पुलिस को दी गई लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को पीएम हेतु मर्चुरी गृह में रखा गया तथा 29 अप्रैल को प्रातः काल में शिवचंद के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया तथा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## आज भगवान परशुराम जयंती पर होगे विविध कार्यक्रमःपाठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हिन्दू पंचाग के अनुसार हर साल वैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के साथ परशुराम जयंती मनाई जाती है जो इस साल आज 30 अप्रैल को मनाई जायेगी। हिन्दू इतिहास के अनुसार परशुराम का जन्म ऋषि जम्दाग्नि और उनकी क्षत्रिय पत्नी रेणुका के घर हुआ था। स्थानीय परम्परा में यह माना जाता है कि वे जावापाव में स्थित एक झोपडी में रहते थे। उनके पास सुरभि नाम की एक दिव्य गाय थी, जो उन्हें वह सब देती थी, जो वे चाहते थे। सुरभि गाय कामधेनु की बेटी है। भगवान परशुराम भृग वंश के थे, उनका गौत्र भार्गव है, वे भार्गव गोत्र के कुल गुरू भी माने जाते है। परशुराम भगवान विष्णु के छठवें अवतार है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला सर्व ब्राम्हण समाज बालाघाट के तत्वाधान में 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव जयस्तंभ चौक स्थित मां त्रिपुर सुन्दरी मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भव्य आरती, हवन, महाप्रसादी भोजन का आयोजन किया गया है। सर्वब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि यह आयोजन अपनी परम्परा और गरिमा के अनुरूप इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। जिसकी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 30 अप्रैल का पूरा दिन भगवान के विभिन्न कार्यक्रमों में बीतेगा। जिले के सभी सर्वहारा समाज से अपील करता हूॅ कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करके इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें।

**खबर संक्षेप**



### सुधीर कुमार धुर्वे उपसंचालक कृषि उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास का पद सम्भाला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक 1/1/4/0002/2025. 0002/2025-**See**-1-14 **AGR** भोपाल दिनांक 17/04/2025 के द्वारा सुधीर कुमार धुर्वे उपसंचालक कृषि दिनांक 28/4/2025 को दोपहर पूर्व जिले के उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास का पद समस्त कर्मचारियों की भव्य स्वागत के बीच ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि विगल 4 वर्षों से जिला सिवनी के उपसंचालक कृषि के पद रिक्त होने से सहायक संचालक कृषि मोरिश नाथ को शासन स्तर से प्रभारी उपसंचालक का प्रभार सौंपा गया था।

# बैंकों के बाहर रैकी कर बैग लिफ्टिंग करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैंको के बाहर रैकी करते थे जैसे ही लोग पैसे को लापवाही से वाहन में छोड दिया करते थे या तो डिक्की खोल कर या कार का कांच तोडकर पैसो से भरा बैग चोरी कर लिया करते थे। साथ ही उक्त आरोपीगढ बैंको में जा कर लंबी रकम निकालने वालो लोगो की रैकी करते थे पीछा कर मौका पाते ही रूपये से भरा थैला या बैग चोरी कर लिया करते थे। बैंको के बाहर रैकी कर बैग लिफ्टिंग करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो आरोपी कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है।

पुलिस ने बताया कि चोर गिरोह स्टेट बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक के आसपास थे घटना करने की फिराक में। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता चोरी की घटनाओं को लेकर अति संवेदनशील है। बैंको के बाहर रैकी करनने वाले चोर गिरोह को पकडने हेतु प्रयासरत है जिनके कुशल नेतृत्व में एवं ए.एस.पी गुरूदत्त शर्मा एवं सी.एस.पी श्रीमति पूजा पांडे के मार्ग दर्शन में उक्त गिरोह के जिला रायगढ छत्तीशगढ राज्य के दो चोरो को पकडने में कोतवाली पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

विगत कुछ दिनो पहले थाना कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा एस.बी.आई बैंक से दो लाख रूपये निकाले थे। जो एस.बी.आई बैंक से निकलकर अपने साथियो के साथ सोमवारी चौक पैसो से भरा बैग गाडी में रखकर सैलून की दुकान चले गये थे उसी बीच में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार से पैसा चुराकर भाग गये थे जिसमें मामला पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था। बैग लिफ्टिंग जैसी घटनाओं को कारित करने वाले चोर गिरोह बैंको के आसपास रैकी कर पैसा निकालने वाले लोगो पर नजर रखते है एवं मौका मिलते ही पैसा चुरा लेते है। थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी द्वारा उक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर बैंको के आसपास रैकी करने वाले गिरोह पर नजर बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया था जो थाना की टीम द्वारा एस.बी.आई बैंक के बाहर रैकी कर चोरी की योजना बनाने वाले दो संदेहियो को पकडने में सफलता प्राप्त हुई।

जिनसे पूछताछ कर तलाशी लेने पर बैग काटने के छोटे कटर, टायर पंचर करने के लोहे की नुकुली टी एवं बिना नंबर प्लेट की 200 सी.सी की होंडा कंपनी की टू व्हीलर एवं मोटर साइकल की नंबर प्लेट पहचान छुपाने के लिए खोल कर गाडी की डीक्की में रखी हुई मिली जिनके आधार पर संदेहियों के अपराधिक रिकार्ड निकाले गये जिन्होने ने ऐसी घटनाए पूर्व में छत्तीसगढ, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में किये जिन्हे माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाकर पूर्व में हुई घटनाओ के संबंध में एवं अन्य थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं के संबंध में पूछताछ की गई जिन्से फुटेजो के आधार पर घटना के संबंध में एवं संदेही आरोपियों का पता चला है जिनके लिए अन्य जिलों में टीम भेजी गई है जिनकी पतासाजी की जा रही है। जप्ती :- दो टी टायर पंचर करने की, चार नग कटर बैग काटने के लिए, एक मोटर साइकिल, 2390 रूपये नगदी, एक पेचकश नाम आरोपी :- 01. मिथुन सिंह नट पिता स्व. आनंद राव नट उम्र 35 साल निवासी ग्राम कर्णराजा पोस्ट विजय नगर थाना व तहसील काकू जिला रायगढ (छत्तीसगढ), सोनू कुमार नट पिता शिवप्रसाद नट उम्र 36 साल निवासी झक्कडपुर तहसील व थाना पत्थल गांव जिला जशपुर, (छत्तीसगढ) विशेष भूमिका :- निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राहुल काकोडिया, सउनि रामअवतार डेहरिया, आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, सौरभ ठाकुर, लोकेश, इरफान खान विक्रम देशमुख, प्रतीक बघेल ।

# सिवनी जिले में गर्मजोशी के साथ हुई टैंक की अगुआई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 3 दिन का सफर तय कर महाराष्ट्र खिरकी से टैंक जैसे ही छिंदवाड़ा चौक पहुंचा उसे देखने भारी भीड़ उमड़ पड़ी हर किसी का अरमान था की उस पर चढ़ने मिल जाए पर ये सम्भव नहीं था। मातृ शक्ति संगठन ही नहीं अपने अपने तरिके से सभी ने अपनी ख़ुशी का इजहार किया। किसी ने नाच किया तो किसी ने ढ़ोल नगाड़े बजाये। पुष्प वर्षा तो ऐसी हुई मानो आसमान से पुष्प बरस रहे हों। "74**x**911**k** टी-55 टैंक, जो सोवियत संघ (**USSR**) में निर्मित भारतीय सेना में शामिल किया गया। इस टैंक ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2011 तक भारतीय बख्तरबंद दस्तों के साथ सेवा में रहा. इस टैंक ने ऑपरेशन ट्राइडेंट, ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन विजय और ऑपरेशन पराक्रम सहित कई अभियानों में भाग लिया। राष्ट्रीयता की भावना, सेनाओं के वीर बलिदानी, वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के सम्मान हेतु स्थापित किये जाने वाला युद्ध पारितोष निश्चित रूप से सिवनी की एक गरिमामई नई पहचान बनायेगा। मातृ शक्ति संगठन सिवनी के समस्त भूतपूर्व सैनिक,राष्ट्रप्रेमी बन्धु, नगर पालिका, पुलिस प्रसाशन, जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त करता है जिन्होंने टैंक की अगुआई में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# अर्द्ध निश्चेतन अवस्था में मिले शावक की हुई मौत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत कर्माझिरी परिक्षेत्र की बायसन बीट के कक्ष क्र. 587 में दिनांक 27.04.2025 को गश्ती टीम द्वारा गश्ती के दौरान एक मादा बाघ शावक अनुमानित आयु 07 माह अर्द्ध निश्चेतन अवस्था में पाया गया था, जिसके पास बाघिन मौजूद थी, गश्ती टीम द्वारा सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को दी गई। बाघ शावक के नजदीक लगातार बाघिन का मूवमेंट बने रहने के कारण बाघ शावक के पास जाना संभव ना होने के कारण हाथी दल द्वारा बाघ शावक की निगरानी की जा रही थी। दिनांक 28.04.2025 को समय 4.00 पीएम बजे बाघ शावक की मृत्यु हो गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव)/ मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक महोदय के दूरभाष से प्राप्त निर्देशानुसार, वरिष्ठ अधिकारी एवं वन्यप्राणी चिकित्सक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी की उपस्थिति में आगामी पोस्टमार्टम कार्यवाही एवं वैज्ञानिक अन्वेषण हेतु सैम्पल एकत्रित किया गया। बाघ शावक के शव को तत्पश्चात आगामी परीक्षण हेतु प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)/ मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक से दूरभाष पर अनुमति प्राप्त कर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर भेजा गया।

### कुंए से तेंदुआ शावक को सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर, बाहर निकाला गया

म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिमि. बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी के परियोजना परिक्षेत्र केवलारी अंतर्गत दिनांक



27.04.2025 को ग्राम के समीप राजस्व क्षेत्र में खेत पर बने कुंए में एक तेंदुआ शावक गिरे पाये जाने की सूचना कृषक दिनेश बाहेश्वर द्वारा लगभग दोपहर 1.30 बजे परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी शिवभान नागेश्वर को दी गई। परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा सूचना प्राप्त होने के पश्चात मौका स्थल पर पहुँचकर क्षेत्र का जायजा लिया एवं संभागीय प्रबंधक श्रीमति भारती ठाकरे को सूचित कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। संभागीय प्रबंधक श्रीमति भारती ठाकरे के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई। मौका स्थल पर पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी के वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी परिक्षेत्र अधिकारी विलास डोंगरे एवं उनकी रेस्क्यू टीम तथा वन विकास निगम के परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी शिवभान नागेश्व सहायक परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी एस. के. बनवाले, वनरक्षक केवलारी श्रीमति निधि धुर्वे एवं वन अमले सहित दिनांक 28.04.2025 को उपस्थित होने के पश्चात कुंए से शावक को सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर, बाहर निकाला गया। शावक का उम्र लगभग 03-04 माह होना पाया गया, स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने पर वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी द्वारा शावक स्वस्थ होना बताया गया। शावक को सुरक्षित किये जाने के पश्चात पूरा एक दिन एवं रात्रि 10 बजे तक निगरानी में रखा गया, ताकि मादा तेंदुआ शावक को अपने साथ ले जा सके, किन्तु रात तक किसी प्रकार से मादा तेंदुए का संकेत प्राप्त न होने पर शावक को राष्ट्रीय वन विहार उद्यान भोपाल सुरक्षित पहुँचाया गया।

# राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन/नामांकन प्रक्रिया एवं चयन के मापदण्ड प्रसारित किये जा चुके है। स्कूल शिक्षा विभाग के विमर्श पोर्टल लिंक ҩअपउंतीण्उचणहवअण्पद पर दिनांक 15 अप्रैल से 15 मई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन, नामांकन एवं शिक्षक द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों/पाँच वर्ष के सत्यापित परीक्षा परिणाम को अपलोड करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन हेतु शासकीय/स्थानीय निकाय अनुदान प्राप्त प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूल माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित मॉडल विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षक संवर्ग नामांकन हेतु पात्र होंगे।

सेवानिवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, शैक्षिक निरीक्षक, प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत शैक्षिक संवर्ग, जनशिक्षक, संविदा शिक्षक, अध्यापक, छात्रावास अधीक्षक, अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक संवर्ग एवं ट्यूशन कार्य में संलिप्त रहने वाले शिक्षक संवर्ग आदि नामांकन हेतु पात्र नही होगें। कक्षा 9-12वीं अंतर्गत विगत पाँच वर्षों में शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई कक्षा में कुल छात्रों की संख्या का प्रतिवर्ष उत्तीर्ण छात्रों का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक होना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार कक्षा 1 से 8वीं अंतर्गत कक्षावार 80 प्रतिशत छात्रों का परीक्षाफल "ए" ग्रेड होने पर ही शिक्षक का आवेदन पात्रता श्रेणी में मान्य होगा। नियमित रूप से कक्षा में अध्यापन कराने वाले शिक्षक तथा विद्यालय में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक उपस्थिति होने पर ही आवेदन/नामांकन हेतु पात्र होगें। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राथमिक एवं माध्यमिक श्रेणी (कक्षा 1 से 8), उच्चतर माध्यमिक (कक्षा 9 से 12) अंतर्गत देय होगा। विशेष श्रेणी अंतर्गत दिव्यांग शिक्षक/दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा में संलग्न शिक्षक एवं परम्परागत संस्कृत पाठशाला के संस्कृत शिक्षक/मदरसों के अरबी, फारसी भाषा के शिक्षकों को उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में वरीयता दी जायेगी। प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी कक्षा 1 से 8 तक के लिए श्रेणीवार पुरस्कारों की अधिकतम संख्या-8 एवं उच्चतर माध्यमिक श्रेणी कक्षा 9 से 12 तक के लिए श्रेणीवार पुरस्कारों की अधिकतम संख्या-6 निर्धारित है। इस प्रकार कुल पुरस्कारों की संख्या-14 होगी। शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य से संबंधित अभिलेख, सहायक सामग्री/की गई गतिविधियों का प्रतिवेदन/किये गये कार्यों के फोटोग्राफ्स, आडियों-वीड़ियों आदि ऑनलाईन अपलोड करने होगें। यदि नामांकनकर्ता शिक्षक द्वारा अपलोड किये गई जानकारी एवं कोई भी अभिलेख/पत्र आडियों-वीडियों सत्यापन के समय गलत पाया जाता है तो शिक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे ने बताया कि शिक्षक आवेदन करने हेतु पात्रता के संबंध में विस्तृत निर्देश एवं जानकारी उक्त वेबसाइट पर देख सकते है।

# न्याय से अर्जित धन ही फलीभूत होता है : हितेन्द्र पाण्डेय

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जैसे-जैसे व्यक्ति का आचार-विचार शुद्ध होता है वह व्यक्ति धर्म के मार्ग पर धीरे-धीरे प्रशस्त होता है और उसका मन ईश्वर के प्रति जुड़ने लगता है। उक्ताशय की बात आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी (मातृधाम) ने विकासखंड केवलारी के गांव पांजरा खेरमाई मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् देवी भागवत पुराण में मंगलवार को कहीं। उन्होंने आगे कहा कि मां आदिशक्ति ने दुर्गा के रूप में अवतार लिया था। उनका यह अवतार दानवों के संहार के लिए हुआ था। उन्होंने ऐसे दानवों से पृथ्वी व स्वर्ग को मुक्त कराया, जिनका संहार करना देवताओं के वश में नहीं था। शास्त्री जी ने कहा कि अन्यान्य गलत कार्यों से धन



नही कमाना चाहिए। न्याय से कमाया धन फलीभूत होता है। ग्रामवासियों ने बताया कि परम श्रद्धेय पूज्यपाद जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वारुपानंद सरस्वती जी महाराज एवं भगवती ग्रामदेवी एवं माँ बैनगंगा की कृपा से ग्राम पांजरा में दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम खैरमाई प्रांगण, पांजरा में आयोजित है। जिसके चलते यहां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 1 मई गुरुवार से 3 मई 2025 शनिवार तक होगा। वहीं कथा विश्राम एवं हवन प्रसाद भण्डारा 5 मई 2025, दिन सोमवार को होगा।

# शस्त्र एवं शास्त्रों के प्रणेता तथा पितृभक्त भगवान परशुराम ने क्षत्रिय कुल उत्पन्न प्रभु श्री राम को अपना आदर्श माना - के.के. चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान विष्णु के छटवे अवतार परशुराम जी ने केवल हैरहय क्षत्रिय वंश के राजा सहस्त्रार्जुन के वंश का 21 बार पिता ऋषि जमदग्नि की हत्या के कारण संहार किया । शेष क्षत्रियों के प्रति उनका भाव प्रेम स्नेह एवं वात्सल्य का था, आपने एक कुशल योद्धा के अनुरूप गुरू-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुये भीष्म पितामह, गुरू द्रोणाचार्य एवं दानवीर कर्ण जैसे अमरत्व प्रदान करने वाले शिष्य प्रदान किये ।

ऋषि ऋचीक एवं सत्यवती के पुत्र ऋषि जमदग्नि तथा माता रेणुका के पुत्र परशुराम का जन्म इंदौर के आस-पास का क्षेत्र माना जाता है ।

आपके बचपन का नाम राम, भगवान शिव द्वारा प्रदत्त विद्युद्दमि नामक परशु के कारण परशुराम एवं अन्य नाम विश्वबंद्य महाबाहु था । परशुराम जी को शास्त्रों की शिक्षा दादा ऋचीक तथा पिता जमदग्नि से प्राप्त हुई । शस्त्र चलाने की शिक्षा मामा राजर्षि विश्वमित्र और देवों के देव महादेव से मिली ।

परशुराम ने महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक ऋषि दोनों के आश्रम से शिक्षा प्राप्त की थी एवं शस्त्र तथा शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया था ।

आपने सभी धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन बाल्यकाल से प्राप्त कर विभिन्न अस्त्र, शस्त्रों की प्राप्ति की थी जिनमे ब्रम्हांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्रमुख हैं ।

भगवान शिव ने परशुराम जी की अराधना से प्रसन्न होकर "पिनाक" नामक धनुष उपहार में दिया था । उनके पास अन्य धनुषों में अजगव, एवं विजया धनुष प्रमुख थे



। पिता की आज्ञा से भगवान परसुराम जब तपस्या करने हिमालय चले गये थे तो उन्होंने पिनाक नामक धनुष अपने प्रिय क्षत्रिय राजा जनक को सौंप दिया था । जिसकी वह नित्य प्रति पूजा करते थे । जिसको राजा जनक ने सीता स्वयंवर के लिए रखा था । पिनाक धनुष ऋषि दधीची की हड्डियों से बना हुआ अत्यंत मजबूत सुदृढ़ एवं विशालकाय वजन का आवरण था । जिसे प्रभु श्रीराम ने सीता स्वयंवर में तोड़कर सीता मैया से विवाह किया था ।

परशुराम जी का हैहय वंश के क्षत्रिय राजा सहस्त्रार्जुन एवं उसके कुटम्बजनों से लगातार विद्रोह के कारण हमेशा विरोध रहा ।

सहस्त्रार्जुन महस्मिति के राजा थे जो अत्यंत क्रुर, कुटिल एवं प्रजा के लिए कष्टकारी थे वह हमेशा धर्म शास्त्रों ऋषि मुनियों ब्राम्हणों एवं महिलाओं को प्रताड़ित किया करता था । एक बार सहस्त्रार्जुन महर्षि जामदिग्न के आश्रम में पहुंचा, जहां ऋषि जमदिग्न ने उसका एक अतिथि कौ भांति स्वागत सत्कार कर दूध से निर्मित मिष्ठान आदि परोसे जिससे वह प्रसन्न हुआ उसने ऋषि से इतनी अच्छी व्यवस्था करने का कारण पूछा तो ऋषि ने देवराज इंद्र द्वारा प्रदत्त कामधेनू गाय के बारे में विस्तार से बताया। जिससे वह दिव्यगुण वाली कामधेनु गाय ऋषि से मांगने लगा । इस पर ऋषि ने बताया कि कामधेनू ही उनके भरण पोषण का जरिया है ।

सहस्त्रार्जुन आलौकिक गाय की दिव्य शक्ति से अभिभूत था । वह उस गाय को अपने साथ ले जाना चाहता था परन्तु ऋषि जमदिग्न के मना करने पर उसने ऋषि के आश्रम में तोड़फोड की एवं ऋषि को 21 घाव प्रदान किये । जिससे ऋषि लहूलुहान होकर गिर पड़े ।

सहस्त्रार्जुन जब गाय को छीनकर ले जाने लगा तब गाय उसके हाथ से छूटकर स्वर्गलोक चली गई ।

# श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आठ दिवसीय परशुराम पाठोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला ब्राहम्ण समाज सिवनी के तत्वाधान में भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जी का प्राकट्य महोत्सव समारोह का आयोजन पूरे जिले में मनाया जाना है जिसमें 27 अप्रैल से 4 मई तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 27 अप्रैल को छपारा में पूजन अर्चन के बाद रैली का आयोजन किया जायेगा इसी तरह 29 अप्रैल को बरघाट एवं केवलारी में तथा 30 अप्रैल को घंसौर एवं लखनादौन में भी रैली निकाली जावेगी आयोजन को लेकर जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, राजेश त्रिवेदी, अजय मिश्रा, भुवनेश्वर शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अशोक तिवारी सहित प्रचार प्रसार में ऋषभ शर्मा, सतिश शर्मा, आशीष मिश्रा, दिनेश शर्मा, अखिलेश चंकी पांडे, अरविंदज दुबे, सुर्यकांत चतुर्वेदी, मंजू दुबे, मनोज मर्दन त्रिवेदी, शरद दुबे, अवधेश तिवारी आदि शामिल है, को दायित्व सौंपा गया है शोभा यात्रा को सफल बनाने हेतु विकासखण्ड सहप्रभारी के रूप में सिवनी शहर अशोक तिवारी ग्रामीण भुवनभास्कर मिश्रा केवलारी दामोदर प्रसाद शुक्ला घंसौर विजय तिवारी कुरइ में देवेन्द्र दीक्षित लखनादौन श्याम नारायण पांडे बरघाट में शिवशंकर शर्मा छपारा राजेन्द्र तिवारी को दायित्व सौंपा गया है।

आयोजन का प्रथम चरण 30 अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे से श्री माता त्रिपुर सुंदरी एवं भगवान परशुराम जी का अभिषेक, श्रृंगार, पुजन, अर्चन एवं बंधन किया जावेगा इसके प्रभारी पंडित दिनेश मिश्रा, गीता अवस्थी, प्रतिभा तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, मंजू अवस्थी, शिव कुमार तिवारी, विनोद मिश्रा, अजय शर्मा होंगे। द्वितीय चरण 4 मई दिन रविवार को अपरान्ह 3 बजे शोभा यात्रा (रैली निकाली जावेगी) इस दौरान मुख्य अतिथी पंडित श्री आशीष दुबे (सांसद जबलपुर) संजय शर्मा (पूर्व विधायक तेंदुखेड़ा) श्रीमति नीता पटेरिया (पूर्व सांसद सिवनी) गौरव मिश्र (डी.एफ.ओ.) मेघा शर्मा (एस. डी.एम. सिवनी) प्रभात मिश्रा (एस.डी.एम. चौरइ) आशीष कुमार पांडे (एस.डी.ओ. फारेस्ट) बी. पी. तिवारी (एस.डी.ओ. फारेस्ट) शामिल होगें। यह रैली मठ मंदिर से प्रारंभ होकर छिंदवाडा चौक, गणेश मंदिर, महावीर मढिया शंकर मढ़िया, नगर पालिका नेहरू रोड, शुकवारी, गणेश चौक, सिंधिया तिराहा, बाहुबली चौक, पाल पेट्रोल पंप, सिंधी कॉलोनी, सोमवारी चौक, गांधी भवन, गणेश चौक, डुंडा सिवनी, परशुराम भवन प्रांगण पहुँच कर सामाजिक सम्मेलन में परिवर्तित होगी। इस द्वौरान झंडा प्रभारी हर्षित तिवारी, अनुराग उपाध्याय, पंकज तिवारी, शिवम तिवारी होंगे। रैली संचालन विजय तिवारी सिवनी पंडित विशाल तिवारी, अनुप मिश्रा आदि का समावेश किया गया है। शाम को भजन संध्या में दामोदर शुक्ला, नेत्रपाल दुबे एवं विशाल शुक्ला का समावेश किया गया है।

# डुण्डासिवनी पुलिस ने पकड़ा बड़ी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा, अर्टिगा कार से हुई 36 पेटी शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री पूजा पांडे के मार्गदर्शन में डूंडासिवनी पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम लगाने हेतु सतत निर्देश दिये गये है।**

इसी तारतम्य में थाना डुण्डासिवनी पुलिस द्वारा एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में अवैध परिवहन करते हुए 36 पेटी देशी शराब सफेद एवं लाल मसाला शराब जप्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

थाना डूंडासिवनी में दिनांक 28/04/2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है जो कटंगी अरी से जनता नगर की ओर आ रही है सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ रवाना किया गया जो रात्रि करीबन 09/00 बजे एक सफेद रंग की अर्टिगा कार अरी तरफ से आते हुए दिखाई दी जो कार चालक पुलिस की गाड़ी को देखकर अर्टिगा कार को जनता नगर बाईपास से बरघाट बाईपास रोड़ की तरफ तेज गति से भगाने लगा पुलिस के द्वारा उक्त संदिग्ध अर्टिगा कार का पीछा किया गया जो कार चालक कार को जगदम्बा सिटी के गेट के पास खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस के द्वारा संदिग्ध अर्टिगा कार क्रमांक MP50R5050 की तलाशी लेने पर कार के अंदर 36 पेटी देशी मदिरा सफेद एवं लाल मसाला कुल 1396 पाव (323.28 लीटर) भरी होना पायी गयी। जो मौके पर कार्यवाही कर मय अर्टिगा कार के उक्त अवैध शराब को जप्त कर अज्ञात चालक के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# सेजवाड़ा के प्रेरणास्रोत गुरुजी: प्राथमिक शाला से विदाई, 39 वर्षों का सादगी भरा स्नेह दिलों में अमर

**चुरका (लखनादौन, सिवनी):** विकासखंड लखनादौन की ग्राम पंचायत चुरका स्थित प्राथमिक शाला सेजवाड़ा ने सोमवार को अपने उस शिक्षक को नम आँखों से विदाई दी, जिसने लगभग 39 वर्षों तक एक ही जगह पर अनगिनत छात्रों के जीवन में शिक्षा का उजाला भरा। शाला के प्रधानपाठक श्री रविन्द्र गोल्हानी की सेवा समाप्ति पर आयोजित विदाई समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता का एक भावभीना संगम बन गया। पूरे ग्राम ने अपने प्रिय शिक्षक को पुष्पों की वर्षा से सराबोर कर विदाई दी, मानो प्रकृति भी उनके जाने के गम में मौन हो गई हो। अपनी सादगी और सहज स्वभाव के कारण वे हमेशा छात्रों और ग्रामवासियों के प्रिय बने रहे।

ग्राम पंचायत चुरका की सरपंच महोदया और ग्राम के वयोवृद्ध एवं सम्मानित नागरिक श्री सच्चिदानन्द तिवारी ने श्री गोल्हानी के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भावुक कर देने वाला दृश्य तब उपस्थित हुआ जब उनके द्वारा पढ़ाए गए अनेक शिष्य, अब जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित, अपने गुरु को अंतिम बार विद्यालय में देखने और उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे। उनकी आँखों में अपने शिक्षक के प्रति अपार कृतज्ञता और विदाई का असहनीय दुख स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इन्हीं शिष्यों में से सरदार सिंह पटेल, हीरालाल डेहरिया एवं अन्य ग्रामीणों ने भी अपने गुरु को फूल मालाओं और शाल श्रीफल से भावभीनी विदाई दी और अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अपने लगभग चार दशकों के सुदीर्घ सेवाकाल में श्री गोल्हानी मात्र एक शिक्षक बनकर नहीं रहे, बल्कि वे छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत, एक मार्गदर्शक और एक मित्र की तरह रहे। उन्होंने न केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा दी, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण और उनके मूल्यों को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासियों ने उनके अटूट समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और हमेशा स्नेहपूर्ण व्यवहार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समारोह में उपस्थित हर व्यक्ति की यही कामना थी कि श्री गोल्हानी का शेष जीवन स्वस्थ और खुशहाल हो।

यह विदाई समारोह ग्राम सेजवाड़ा और श्री रविन्द्र गोल्हानी के बीच स्थापित अटूट बंधन और गहरे सम्मान का जीवंत प्रमाण था। यह उस शिक्षक के प्रति एक श्रद्धांजलि थी, जिसने अपना जीवन प्राथमिक शाला के छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने में समर्पित कर दिया। उनकी सादगी और सहजता ने उन्हें हमेशा छात्रों के करीब रखा। इसी स्नेह और सम्मान का प्रमाण उनके जन्मस्थान सिहोरा के हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में भी देखने को मिला, जहाँ उनके पुराने सहयोगी और छात्र उन्हें विदाई देने के लिए एकत्रित हुए। श्री गोल्हानी का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है, जो यह सिखाती है कि एक शिक्षक अपने छात्रों के जीवन पर कितना गहरा और स्थायी प्रभाव डाल सकता है, चाहे वह प्राथमिक शाला में ही क्यों न हो। आज भले ही वे विद्यालय से औपचारिक रूप से विदा हो रहे हैं, लेकिन उनकी शिक्षा और प्रेरणा की लौ अनगिनत छात्रों के दिलों में हमेशा जलती रहेगी। उनकी सादगी और स्नेहिल स्वभाव हमेशा याद किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया थाना लखनवाड़ा का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक, सिवनी सुनील मेहता द्वारा थाना लखनवाड़ा का निरीक्षण किया गया। थाना लखनवाड़ा के निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डे साथ में उपस्थित रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी के द्वारा थाना लखनवाड़ा के निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सी.के. सिरामें एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा थाना लखनवाड़ा के अधिकारी / कर्मचारियों को माइको बीट के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग, लंबित गुम इंसान का शीघ्र निकाल करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना के रिकार्ड का रख-रखाब अप-टू-डेट रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र के गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश की लगातार चैंकिग करने एवं थाना भवन एवं परिसर की साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### जनपद सदस्य रेखलाल बिसेन ने कहा उष्णा प्लांट से जलस्तर गिरेगा, वायु प्रदूषण की आशंकी भी जताई

## उष्णा प्लांट और शराब भट्टी को हटाने जनसुनवाई में पहुंचे सालेटेका के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के सालेटेका गांव के जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने गांव में स्थित शराब भट्टी और उष्णा प्लांट को कहीं अलग जगह पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

जनपद सदस्य रेखलाल बिसेन के अनुसार, हाईवे से मात्र 150 मीटर की दूरी पर स्थित शराब भट्टी से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, गांव की 36 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित उष्णा प्लांट से भी कई समस्याएं उत्पन्न होंगी।

उष्णा प्लांट के लिए चार बोर खोदे जाने का प्रस्ताव है। इससे गांव का भूजल स्तर नीचे जाने का खतरा है। प्लांट से निकलने वाले धुएं से



वायु प्रदूषण की आशंका है। नदी के पास प्लांट स्थापित होने से उससे निकलने वाला दूषित जल नदी को प्रदूषित करेगा।

स्थानीय पशुओं के चरागाह क्षेत्र भी प्लांट से प्रभावित होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों इकाइयों को गांव से बाहर स्थानांतरित किया जाए। इससे क्षेत्र के लोगों को इन समस्याओं से राहत मिल सकेगी।

## सीमांकन होने के बाद तरमीम नहीं की, लापरवाही की जांच एडीएम करेंगे

### जंगली सुवर के हमले से मृत्यु के मामले में पुनः जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे व एसडीएम श्री गोपाल सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 72 आवेदकों द्वारा आवेदन देकर अपनी समस्याएं बताई। प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री मीना ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से अपडेट जानकारी ली। साथ ही समस्या निवारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान लांजी के कालीमाटी की धनवंती बोहने ने बताया कि शासन की लाड़ली बहना योजना का लाभ उन्हें शुरुआत के 3 माह तक प्राप्त हुआ था। लेकिन सचिव द्वारा योजना का पंजीयन सदस्य आईडी में न करते हुए पति ईश्वरदास सदस्य आईडी में कर देने के कारण अब लाभ नही मिल पा रहा है। धनवंती ने आईडी में सुधार के लिए आवेदन किया है। कलेक्टर श्री मीना ने महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी को समस्या के निराकरण तथा सचिव पर कार्यवाही के लिए जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए है।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने लांजी में बिंझलगांव के आवेदक गेंदलाल बिलोने के आवेदन पर पहले एसडीएम से और फिर तहसीलदार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि सीमांकन 3 से 4 बार किया गया है। लेकिन नक्शा तरमीम का कार्य अब तक पेंडिंग है। दोनों को जानकारी नही होने पर एडीएम श्री जीएस धुर्वे को मामले की जांच करने के निर्देश दिए है। इस मामलें में पहले भी जांच हुई है लेकिन फिर भी तरमीम अब तक नही हुई है। मामलें को गंभीरता से देखें।

### सामूहिक बलात्कार के मामले में उमड़ा जन आक्रोश नारेबाजी कर सौपा ज्ञापन

## भीम आर्मी ने नगर में निकाली रैली, कलेक्टर गेट पर किया धरना प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों एक नाबालिक सहित चार लड़कियों के साथ हुआ सामूहिक बलात्कार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है।जहां इस मामले में विभिन्न सामाजिक संगठनो द्वारा लगातार आरोपियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की जा रही है।इस जघन्य घटना के बाद पूरे जिले में आक्रोश का माहौल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी इस अपराध की घोर निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की माँग की गई है।इसी कड़ी में मंगलवार की दोपहर भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा नगर के



अंबेडकर चौक से कलेक्टर कार्यालय तक एक आक्रोश रैली निकाली गई इस आक्रोश रैली के माध्यम से संगठन से जुड़े विभिन्न पदाधिकारी सदस्यों ने हट्टा थाना क्षेत्र में हुई इस सामूहिक दुष्कर्म वाली घटना की जमकर निंदा की तो वहीं उन्होंने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी का ज्ञापन सौपा है इसके पूर्व कलेक्टर गेट पर रोके जाने पर भीम आर्मी एकता मिशन के पदाधिकारी नाराज हो गए और उन्होंने कलेक्टर कार्यालय गेट में ही बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया इसके काफी देर बाद पदाधिकारी उठे और गेट से अंदर घुसकर कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सोपा है जहां उन्होंने जल्द से जल्द सभी मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

### स्वास्थ्य बीमा समेत कई मांगें जल्द पूरी होंगी

## 7 दिन से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मंगलावर को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 7 दिन से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। कर्मचारी संविदा नीति 2023 को बनाए रखने और एनएचएम की मानव संसाधन नीति-2025 को वापस लेने की मांग कर रहे थे। संगठन के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री से हुई चर्चा में मौखिक आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ले ली। एनएचएम एमडी ने पहले तीन दिन में काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों की सेवाएं बर्खास्त करने का आदेश जारी किया था। 22 अप्रैल से कर्मचारी राष्ट्रीय



स्वास्थ्य मिशन एमडी की मानव संसाधन नीति-2025 का विरोध कर रहे थे। इस नीति में ईएल, सीएल, मेडिकल सुविधा और अनुकंपा नियुक्ति में कटौती की गई थी। जिलाध्यक्ष शैलेष कुमार के अनुसार, सरकार ने स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेज्युटी और ग्रेड-पे सुधार के आदेश जल्द जारी करने का भरोसा दिया है। इस भरोसे के बाद जिले के 751 संविदा कर्मियों ने काम पर वापस लौटने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दोबारा बहाल हो गई हैं। शासकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी आदेश जल्द ही जारी किए जाएंगे।

## कंजई से उगली मार्ग पर फर्राटे से दौड़ रहे रेत से भरे ओवरलोड डंपर

### रेत से भरे ओवरलोड डंपरों से कंजई से उगली मार्ग हो रहा क्षतिग्रस्त, मार्ग पर दिखने लगी लंबी दरारें



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट जिले का अंतिम ग्राम कंजई
उगली मार्ग पर प्रतिदिन रेत से भरे
ओवरलोड डंपर फर्राटे से दौड़ रहे हैं जो
मार्ग को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। बताया जा रहा
कि यह रेत से भरे ओवरलोड डंपर
केवलारी क्षेत्र कि हिर्री नदी ग्राम नसीपुर एवं
ग्राम डोंगरी की नदी से लोड करके फर्राटे
दौड़ रहे हैं देखने में आ रहा है कि रेत से भरे डंपरों से
पानी निकल रहा है जिससे बात का अंदाजा लगाया जा
सकता है कि नदियों से मशीन के द्वारा डंपर भरे जा रहे
केवलारी क्षेत्र में नदियों से हो रहे अवैध उत्खनन के

### सीसी सड़क पर पर दिखने लगी लंबी लंबी दरारे और गड्डे. कहां गए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित ग्राम कंजई से उगली मार्ग पर इन दिनों रेत से भरे ओवरलोड डंपर तेज गति से भाग रहे हैं देखने में आ रहा है अधिक भार क्षमता के चलते मार्ग पर लंबी-लंबी दरारें दिखाई दे रही है और मार्ग पर अनेकों जगह छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं बताया जा रहा है कि रात से लेकर दिन के उजाले तक सैकड़ो ओवरलोड डंपर उगली मार्ग पर दौड़ रहे हैं और सिवनी की ओर जा रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार रेत से भरे ओवरलोड डंपरो के आवागमन से सीसी मार्ग में लंबी लंबी दरारें देखने में आ रही है प्रशासन द्वारा समय रहते ओवरलोड डंपरो पर पाबंदी नहीं लगाई गई तो मार्ग एक दिन पूरा क्षतिग्रस्त हो जाएगा जिससे आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है दैनिक राष्ट्रीय हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा 25 अप्रैल 2025 को अपने अंक में.रेत से भरे ओवरलोड डंपरों से कंजई से उंगली मार्ग हो रहा क्षतिग्रस्त मार्ग पर दिखने लगी लंबी दरारे शीर्षक से समाचार का प्रकाशन कर जिम्मेदार जिला प्रशासन और परिवहन विभाग का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया बावजूद ओवरलोड डंपरों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई.. जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवहन विभाग की लचर कार्य प्रणाली के चलते शासन को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मीडिया रिपोर्ट और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेत से भरे ओवरलोड डंपर केवलारी क्षेत्र की हिर्री, नसीपुर, बागडोंगरी की नदियों से लोड हो रहे हैं देखने में आ रहा है कि रेत से भरे ओवरलोड डंपरो से पानी निकलता है जिससे यह कहना लाजमी होगा कि डंपर नदियों से भरे जा रहे हैं गीली रेत वजन ज्यादा जिसके चलते कंजई से उगली मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे दिखाई देने लगे हैं सड़क पर लंबी-लंबी दरारे दिख रही है मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है लेकिन कोई भी जिम्मेदार शासन की संपत्ति को हो रहे नुकसान की सुद तक नहीं ले रहा है। आखिर क्या कारण है कि ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई नहीं हो रही है जिम्मेदार हाथ बांधे क्यों बैठे हैं उन्हें दिखाई नहीं दे रहा है कि रोजाना कंजई से सैकड़ो ओवरलोड डंपर दौड़ रहे है और सीसी सड़क को बर्बाद कर रहे हैं आखिर दौड़ रहे ओवरलोड डंपर ऊपर कब होगी कार्रवाई।

## खबर संक्षेप

### कल से आरम्भ होगा कराते और आत्मरक्षा खेल शिविर

**बालाघाट।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग संचालनालय के निर्देशानुसार खेल अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन ने कराते और आत्मरक्षा खेल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में ऐसे बालक और बालिकाएं जिनकी आयु 5 से 19 वर्ष के बीच में है उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने के लिए जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा मुलना स्टेडियम में 1 मई को शाम 5 बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नवागत बच्चों के अंदर खेल के बारे में जानकारी और रूचि पैदा कराना है ताकि वे मोबाइल और टीवी जैसी विलासिता पूर्ण वस्तुओ में अपना कम समय दें। इस शिविर में कराते और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। यह प्रशिक्षण सुबह 6:30 एवं शाम 5:30 बजे प्रारम्भ होगा। जो खिलाड़ी प्रशिक्षण में निरंतर आयंगे उन्हें प्रशिक्षण के समापन के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए 9406643497 नंबर पर सम्पर्क कर सकते है व मुलना स्टेडियम में कार्यरत प्रशिक्षक सजीन्द्र कृष्णन से शाम 5 बजे शिविर का फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

### पीएम सूर्य घर योजना की जागरूकता के लिए कलेक्टरेट में लगाया शिविर

**बालाघाट।** पीएम सूर्य घर योजना की जागरूकता के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशों पर मप्र विद्युत मंडल के मार्गदर्शन में वेंडर के माध्यम से कलेक्ट्रेड में शिविर आयोजित किया गया। मंगलवार को जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों ने पीएम सूर्य घर योजना के बारे में भी जानकारी मिली है। शिविर में जनसुनवाई में आये आवेदकों को श्री अंकित सोलर पॉवर द्वारा सूर्य घर योजना के बारे बताया कि 1 किलोवॉट के सोलर पैनल से निश्चित रूप से 1 हजार रुपये की बिजली बचत की जा सकती है। इसमें हितग्राही को सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। साथ ही इसके लिए लोन भी दिया जाता है। साथ ही एमपीईबी द्वारा सोलर से प्राप्त बिजली को लेकर बिल समायोजित किया जाता है।

## नाबालिगों से दुष्कर्म के आरोपी जेल भेजे गए

### राजीनामा के लिए दबाव बनाने वालों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र में तीन नाबालिग और एक बालिग आदिवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। तीन दिन की पुलिस रिमांड के बाद मंगलवार शाम को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

घटना 23 अप्रैल की रात को हुई, जब शादी से लौट रही बालिकाओं के साथ सात लोगों ने रात 2 बजे से सुबह 5 बजे तक दुष्कर्म किया। अगले दिन मामले को लेकर गांव में दो बार पंचायत बुलाई गई। पंचायत में पीड़ितों को रुपयों का प्रलोभन दिया गया।

एसपी नगेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर एफएसएल टीम ने जांच की है। जांच में अपराध के सबूत मिले हैं। पुलिस तीन माह के भीतर डे-टू-डे सुनवाई के लिए आवेदन करेगी। एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद चालान पेश किया जाएगा। पुलिस को राजीनामे के लिए हुई बैठक के वीडियो मिले हैं। इस संबंध में जांच की जा रही है। राजीनामे के लिए दबाव बनाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कल पीड़ित परिवारों से मिलने उनके गांव जाएंगे।

### अध्यक्ष पुत्र ने युवक का सिर फोड़ा, अध्यक्ष पति और पुत्र के साथ हुई मारपीट

## बोनकट्टा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बोनकट्टा में मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे के आस-पास दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है. मारपीट की यह घटना जनपद पंचायत कटंगी अध्यक्ष कविता देशमुख के पति अरविंद देशमुख, पुत्र राहुल देशमुख और गांव के ही कुछ युवकों के बीच की है. दोनों ही पक्षों ने तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है. मारपीट की इस घटना में जनपद अध्यक्ष के पुत्र की शिकायत पर 09 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया गया है. पुलिस ने प्राथी राहुल देशमुख की शिकायत पर उमेश हाड़गे, गुरूदेव पुष्पतोड़े, जितेन्द्र उर्फ वीजेन्द्र खुने, राहुल डोंगरे, भूमेश्वर झोड़े, अजय झोंड़े, सुमित मेश्राम, शेखर पुष्पतोड़े और अमन झोड़े सभी निवासी बोनकट्टा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 191 (2), 190, 333, 296, 115 (2), 351 (3) की कार्रवाई की है. इन सभी पर राहुल देशमुख ने स्वयं को और पिता के साथ बस स्टैंड चौक में गंदी-गंदी गाली गलौच देने मारपीट करने और घर में घुसकर एक राय होकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

वहीं जनपद अध्यक्ष के पुत्र राहुल देशमुख के हमले से घायल युवक उमेश हांडगे की शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र राहुल और अरविंद देशमुख के खिलाफ



अपराध दर्ज किया है. पीड़ति युवक ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते राहुल ने बस स्टैंड में उसके साथ गाली-गलौज की जब उसे ऐसा करने से रोका गया तो राहुल ने उसे उठाकर पटक दिया. इस दौरान उसके पिता भी घटना स्थल पर आ गए और उन्होंने भी गाली-गलौज की. इसी दौरान राहुल ने एक कांच की बोतल से सिर पर हमला कर दिया. जिससे वह बुरी तरह से घायल हुआ है. घायल युवक का सरकारी अस्पताल कटंगी में उपचार जारी है. पुलिस ने प्राथी उमेश की शिकायत पर राहुल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है।

## जल गंगा संवर्धन में विभिन्न गतिविधियों से दिया जा रहा जल संरक्षण संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ₹जल पखवाड़ा 2025₹ अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन निरंतर जारी है। सोमवार को सीएम राईज बालाघाट में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रायोजना प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमे छात्र/छात्राओं द्वारा जल संरक्षण से संबंधित तरह-तरह के मॉडल बनाकर प्रस्तुत किये गये। जिनका अवलोकन उपस्थित अधिकारियों/शिक्षकों द्वारा किया गया । प्रदर्शनी में से निर्णायक समिति द्वारा उत्कृष्ट मॉडल का चयन किया गया। जिसमें वरिष्ठ वर्ग में शासकीय पीएमश्री कन्या उमावि बूढी बालाघाट द्वारा प्रथम स्थान, सीएम राईज बालाघाट द्वितीय स्थान एवं शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि बालाघाट द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया । इसी तरह कनिष्ट वर्ग में सीएम राईज विद्यालय बालाघाट प्रथम, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि बालाघाट द्वितीय एवं सीएम राईज विद्यालय वारासिवनी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विजेताओं को जिपं सीईओ श्री सराफ द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय एवं संस्था प्राचार्य शामिल रहें।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैम्प का हुआ समापन

**बालाघाट।** सांदीपनि (सीएम राइज़) विद्यालय मलांजखण्ड में 10 दिवसीय समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने हस्तकला, मूर्तिकला, ड्रॉइंग, पेंटिंग और अन्य कलाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। समर कैम्प में विद्यार्थियों ने हस्तकला, मूर्तिकला, ड्रॉइंग, पेंटिंग, स्केच कला, आर्ट एंड क्राफ्ट, मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, आई. टी. हार्डवेयर की प्रदर्शनी में भाग लिया। इसके अलावा, योग एवं ध्यान का अभ्यास, खेल कूद गतिविधियों के अंतर्गत कबड्डी, खो खो, पिटुल, बेडमिन्टन, कैरम, शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के कार्यो की सराहना की और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करता है। कक्षा छटवीं और सातवीं के बच्चों द्वारा राजस्थानी, उडिया, बंगाली, छत्तीसगढ़ी और मराठी लोक नृत्यों पर सुंदर प्रस्तुति दी गई। सेव अर्थ लघुनाटिका का प्रदर्शन भी किया गया।

## दि बुद्धिस्ट सीसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट की आवश्यक बैठक 4 को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दि बुद्धिस्ट सोसायटी बालाघाट म.प्र. के समस्त एवं तहसील, नगर, शाखाओं के एवं समस्त शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता सभी को अवगत किया जाता है कि दिनांक 04/05/2025 दिन रविवार को दोप. 1.00 बजे से स्थान जिला कार्यालय संकल्प भवन रेल्वे क्रासिंग के पास बूढ़ी वार्ड नं.13 बालाघाट म.प्र. में जिला शाखा बालाघाट की आवश्यक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक संस्था के म. प्र. राज्य शाखा द. के अध्यक्ष आद. डॉ. चरनदास ढंगरे जी के मुख्य अतिथि में एवं एस. एल. रंगारे जी जिलाध्यक्ष BSI बालाघाट की अध्यक्षता में आयुनि. हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष आद. आर.के.कठाने जी प्रदेश सचिव, आद. राजकपुर कामड़े जी प्रदेश कार्या. सचिव म. प्र. के विशेष आतिथ्य में बैठक सम्पन्न होगी। अतः आप सभी की गरीमामयी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक के मुख्य बिन्दू (विषय) निम्नानुसार है - 1. 18 वर्ष से अधिक के युवक युवतीयो को संस्था का साधारण, सक्रिय एवं आजीवन सदस्य बनाना। पूर्व वित्तीय वर्ष में जारी सदस्यता बुको की राशि एवं काउंटर स्लीप जमा करना, नई बुके जारी कर सदस्यता का लक्ष्य निर्धारण। 2. शाखाओं का गठन / पूनर्गठन करना पिछले 3 माह में गठित शाखाओं की सूची जमा करना। वर्ष 2025-26 में शाखा गठन / पूनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण करना। आने वाले दिनों में तह. लालबर्रा, कटंगी, बालाघाट तहसील/नगर एवं जिला शाखा बालाघाट का पुनर्गठन करने की रूपरेखा बनाना। 3.धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन कराने पर विचार विमर्श 4. केन्द्रिय कार्यालय मुंबई के द्वारा दिनांक 23/04/2025 को आनलाईन बैठक में 4 महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर लिये गये निर्णय जिसमें मुख्यतः बुद्धगया महाबोधी महाविहार मुक्ती आंदोलन, कार्यकर्ता डायरी और शाखाओं की त्रैमासिक प्रगति (अहवाल), रिपोर्ट के विषय में जानकारी। प्रमुख रूप से बुद्ध पुर्णिमा तक B.T. एक्ट 1949 समाप्त करमहाबोधि विहार बौद्धो के हवाले नही किया तो राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार 25 जुलाई 2025 को बिहार विधानसभा पटना का संस्था के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. भीमराव य. आम्बेडकर साहब मुंबई के नेतृत्व में घेराव (मोर्चा) निकालना। 5. जिला शाखा बालाघाट द्वारा आयोजित दिनांक 2 से 11 जून 2025 तक श्रीलंका देश की धम्मयात्रा (पर्यटन) सुचारू रूप से सम्पन्न किये जाने पर चर्चा। 6. जिले में समता सैनिक दल जो संस्था का संरक्षण विभाग है उसके विस्तार पर चर्चा। 7. अन्य विषय जो अध्यक्ष की अनुमति से हो उस पर विचार विमर्श किया जाएगा, अतः सभी से समय पर उपस्थिति की अपील जिला शाखा द्वारा की गई।

## गढ़ी क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक स्कूल का हाल-बेहाल, प्रशासन का नहीं हैं ध्यान

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है, लेकिन जब सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय हो जाती है, तो यह न केवल शिक्षकों और छात्रों के लिए चिंता का विषय बनता है बल्कि पूरे समाज के भविष्य पर भी प्रभाव डालता है। गढ़ी क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शालाएँ प्रशासन की अनदेखी के कारण बंद होने के कगार पर हैं। इन स्कूलों में बच्चों की घटती संख्या और मूलभूत सुविधाओं की कमी से समस्या और गंभीर हो गई है।



**मुख्य समस्याएँ और चुनौतियाँ, प्राइवेट स्कूलों की ओर बढ़ता आकर्षण:** ग्राम पंचायत माना के दूरस्थ गाँव लपटी की शासकीय प्राथमिक शाला में मात्र 11 बच्चे पढ़ रहे हैं। शिक्षक बताते हैं कि पिछले वर्ष कक्षा पहली में केवल एक ही बच्चे का प्रवेश हुआ। इसके विपरीत, गढ़ी में लगभग पाँच प्राइवेट स्कूल संचालित हो रहे हैं, जहाँ बच्चे तीन वर्ष की उम्र में ही नर्सरी (के.जी.-1) में प्रवेश ले लेते हैं, जबकि शासकीय स्कूलों में छह वर्ष की आयु में पहली कक्षा में दाखिला संभव होता है।

**स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति और सुविधाओं का अभाव:** गढ़ी क्षेत्र के अधिकांश शासकीय स्कूलों की हालत अत्यंत खराब है। कई स्कूलों के भवन जर्जर हो चुके हैं और कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा, शौचालय, पेयजल, किचन शेड, साफ फर्श, बैठने के लिए मेट, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। इन कारणों से शिक्षक भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें पढ़ाने के लिए मजबूर हैं।

शासकीय स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ गणवेश, किताबें और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएँ दी जाती हैं। इसके बावजूद, पालक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए हर वर्ष 6,000 से 7,000 रुपये फीस के रूप में और 3,000 से 4,000 रुपये ऑटो किराए के रूप में खर्च कर रहे हैं।

हालांकि, समस्या यह है कि अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूलों में योग्य अंग्रेजी शिक्षकों की कमी के कारण बच्चे सही ढंग से अंग्रेजी समझ नहीं पाते। वे कक्षा आठ तक किसी तरह प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं, लेकिन कक्षा नौ में शासकीय स्कूलों में वापस आने के बाद उन्हें हिंदी माध्यम में पढ़ना पड़ता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं मूलचंद मेश्राम पिता श्री झोलू मेश्राम निवासी ग्राम कटेधरा तह. तिरोड़ी व जिला बालाघाट (म.प्र.) का निवासी हूँ मेरे ड्राइविंग लायसेंस क्रं. MP50N-2019-0024809 में नाम मूलचंद वर्सेकर दर्ज है जो कि गलत है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मूलचंद मेश्राम दर्ज है जो कि सही व सत्य है। अतः मेरे ड्राइविंग लायसेंस में मूलचंद वर्सेकर की जगह मूलचंद मेश्राम सुधार किया जाये एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।**